सार-समाचार

दहेज के लिए ले ली विवाहिता की जान



इंदौर(नगर संवाददाता)। दहेजलोभी ससुराल वालों ने एक विवाहिता की जान ले ली। मामले की जांच में पुलिस को पोस्टमार्टम रिपोर्ट में इस बात का पता चला तो पति सहित चार केस दर्ज कर उन्हें गिरफ्त में लिया। दरअसल महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के बाद ससुरालवालों ने परिजनों और अस्पताल में कहानी बताई कि वह घर में बेहोशी की हालत में मिली थी। शरीर पर चोट के निशान नहीं होने से शुरूआत में मामला संदिग्ध बना रहा, लेकिन पोस्टमार्टम में महिला की सांस रोककर हत्या किए जाने की पुष्टि हुई। बाणगंगा पुलिस के अनुसार शीतल नगर निवासी सरिता पति दीपक बिजोरे (38) की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हुई थी। अस्पताल से सूचना मिलने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की। ससुराल पक्ष ने बताया था कि सरिता घर में बेहोश मिली थी। हालत गंभीर होने पर उसे अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। शरीर पर बाहर से चोट के निशान भी नहीं दिखाई दे रहे थे। मामला नवविवाहिता की संदिग्ध मौत का होने से पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया। पुलिस ने मामले में पति दीपक पिता नारायण बिजोरे, सास प्रेमलता, देवर जितेंद्र बिजोरे निवासी शीतल नगर और ननद रंजना अहिरवार पति महेंद्र अहिरवार, निवासी शीतल नगर के खिलाफ हत्या सहित संबंधित धाराओं में केस दर्ज किया है। चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सामने आया कि महिला का मुंह दबाकर उसकी सांस रोकी गई थी, जिससे दम घुटने के कारण उसकी मौत हुई। इसके बाद पुलिस ने मायके और ससुराल पक्ष के लोगों से दोबारा पूछताछ की। जांच में पता चला कि मृतका का पति दीपक कंप्यूटर ऑपरेटर है और वह पत्नी पर मायके से रुपए लाने का दबाव बनाता था। इसी बात को लेकर घर में अक्सर विवाद और मारपीट होती थी। घटना के समय भी उसके साथ में मारपीट हुई और आरोपी ससुराल वालों ने मिलकर उसे मार दिया। जब वह मर गई तो अस्पताल ले जाकर कहानी बना दी। पुलिस को दहेज प्रताड़ना और हत्या से जुड़े साक्ष्य मिलने के बाद आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की गई।

10 हजार का इनामी फरार ड्रग तस्कर गिरफ्तार



इन्दौर। विगत दिनों क्राइम ब्रांच ने ड्रग तस्करी मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से 23 ग्राम एमडी ड्रग जब्त की थी। पूछताछ में उन्होंने उनके साथ इस तस्करी में लिप्त दो और तस्करों की जानकारी दी थी जिसमें से एक को पुलिस ने पकड़ लिया था वहीं दूसरा फरार हो गया था। पुलिस उसकी तलाश कर रही थी परन्तु वह हाथ नहीं आ रहा था जिसके चलते उसकी गिरफ्तारी पर दस हजार का इनाम घोषित किया गया था। क्राइम ब्रांच ने एमडी ड्रग्स की तस्करी के इस मामले में फरार चल रहे दस हजार के इनामी आरोपी को भी अब गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी का नाम अमन पटेल निवासी देवास है। डीसीपी क्राइम राजेशकुमार त्रिपाठी के अनुसार कुछ दिन पहले क्राइम ब्रांच ने स्कीम नंबर 134 से थार गाड़ी में सवार फरहान शेख, फहरान खान और अतीक को गिरफ्तार कर उनके पास से 23 ग्राम एमडी जब्त की थी। जब उनको रिमांड पर लेकर पूछताछ की तो उन्होंने बताया कि वे फैजान खान से एमडी लेकर आए थे। इस पर क्राइम ब्रांच ने फैजान खान को गिरफ्तार किया था। उसने बताया कि प्रमुख आरोपी अमन पटेल निवासी देवास है। इस पर क्राइम ब्रांच ने उस पर दस हजार का इनाम रखा था और उसकी तलाश की जा रही थी, लेकिन वह हाथ नहीं आ रहा था। कल रात क्राइम ब्रांच ने उसको गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में अब तक पांच आरोपी गिरफ्तार हो चुके हैं, जबकि कुछ और तस्करों की तलाश की जा रही है।

बकरा-बकरी चोर गिरोह का फरार सरगना गिरफ्तार

इन्दौर। बकरा-बकरी चोरी तथा मूक निराश्रित गोवंश परिवहन व वध कर विक्रय करने वाली चोर गैंग के फरार सरगना को मुखबिर सूचना के बाद पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी का नाम जावेद निवासी कड़ावघाट मुंबई बाजार इन्दौर है। उस पर उज्जैन, इंदौर, देवास में कई प्रकरण पहले से दर्ज हैं। उसे कन्नौद थाना पुलिस ने इन्दौर की पंढरीनाथ थाना पुलिस के साथ संयुक्त कार्यवाही करते गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार आरोपी जावेद द्वारा प्रतिबंधित गोवंश मांस विक्रय के अपराध वर्ष 2018 से किए जा रहे थे। वो अपने साथी यूसुफ, मोहसिन, अशरफ, मुख्तियार, आकिब उर्फ अक्कू के साथ मिलकर ग्रामीण क्षेत्रों से गरीब परिवारों की आजीविका बकरा-बकरी चोरी तथा मूक निराश्रित गोवंश परिवहन व वध कर विक्रय करता था। उसने इसके लिए एक गैंग बना रखा था और यह गोवंश, पशु चोरी गैंग क्षेत्र में कई घटनाओं को अंजाम दे चुका था जिसकी शिकायतें लगातार दर्ज हो रही थी। शिकायतों पर कारवाई करते कुछ माह पूर्व पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया था लेकिन उनका इंदौर निवासी सरगना जावेद फरार चल रहा था। मुखबिर की सूचना के बाद कन्नौद थाना पुलिस ने इंदौर में उसके घर पर दबिश देकर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

दहेज में नहीं मिला कार, तीन बार तलाक बोलकर घर से किया बेदखल

इंदौर(नगर संवाददाता)। चंदन नगर थाना क्षेत्र में दहेज में कार की मांग पूरी नहीं होने पर पत्नी को प्रताड़ित करने और तीन बार तलाक बोलकर रिश्ता खत्म करने का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने पति के खिलाफ दहेज प्रताड़ना सहित अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार, अमरीन शेख (33), निवासी एजाज का मकान, पांचवीं गली, चंदन नगर ने शिकायत दर्ज कराई है। फरियादिया ने आरोप लगाया कि पति हुजेफा शेख उससे दहेज में कार की मांग कर रहा था। मांग पूरी नहीं होने पर आरोपी उसे शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित करता था। पीड़िता का आरोप है कि 31 अक्टूबर को भी इसी बात को लेकर विवाद हुआ। इसके बाद पति ने उसे तीन बार तलाक बोलकर तलाक दे दिया। महिला ने मामले की शिकायत पुलिस से की। दहेज के लिए सताया, चार पर केस दहेज की मांग को लेकर विवाहिता को शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित करने तथा जान से मारने की धमकी देने के मामले में पंढरीनाथ पुलिस ने महाराष्ट्र के सतारा निवासी ससुराल पक्ष के चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार, अंकिता (30), निवासी काटजू कॉलोनी ने शिकायत दर्ज कराई है। फरियादिया ने आरोप लगाया कि ससुराल पक्ष के लोग दहेज की मांग को लेकर उसे लगातार परेशान कर रहे थे। आरोपियों ने उसके साथ शारीरिक और मानसिक प्रताड़ना की। इतना ही नहीं, उसे जान से मारने की धमकी भी दी गई। मामले में योगेश छाबड़ा, घनश्यामदास छाबड़ा, रेखा छाबड़ा और निकिता उर्फ कियारा को आरोपी बनाया गया है। सभी आरोपी महाराष्ट्र के सतारा के निवासी बताए गए हैं। यहां भी दहेज प्रताड़ना इसी प्रकार न्यू गौरी नगर में रहने वाली पूजा उर्फ मोना (32), निवासी ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। फरियादिया ने आरोप लगाया कि पति रोमिल उर्फ प्रेम रामपुरिया और सास रेखा दहेज की मांग को लेकर उसे लगातार परेशान कर रहे थे। आरोपी उसके साथ शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ना करते थे। विरोध करने पर उसे जान से मारने की धमकी भी दी जाती थी। पीड़िता की शिकायत पर महिला थाना पुलिस ने पति और सास के खिलाफ केस दर्ज किया है।







फूटी कोटी सब्जी मंडी विवाद

जीतू पटवारी ने भरी हुंकार...

गगनभेदी नारों से गूंजी सब्जी मंडी, सियासी गलियारों में बढ़ी हलचल







इंदौर (रईस पटेल)। शहर की सियासत में आज उस वक्त जबरदस्त गर्माहट देखने को मिली, जब कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के नेतृत्व में फूटी कोठी सब्जी मंडी क्षेत्र में एक विशाल और ऐतिहासिक पैदल मार्च निकाला गया। इस मार्च में उम्मीद से कहीं अधिक जनसैलाब उमड़ा, सब्जी हाथ में लिए सब्जी वाले आगे चल रहे थे और उनके पीछे जनसैलाब चल रहा था

शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे की चेतावनी..

चिंटू चौकसे ने प्रशासन से कहा कि गांधीवादी तरीके से जीतू पटवारी जी और उनके साथ में सब्जी विक्रेता को वहां पर शांतिपूर्वक आने दिया जाए नहीं तो हम सब जेल जाने को तैयार है आपकी गाड़ियां हमें ले जाने के लिए कम पड़ जाएगी सभी जनता ने भी हाथ उठाकर जेल जाने के लिए हामी भरी।

शांति पूर्वक धरना हुआ समाप्त..

नगर निगम और प्रशासन के अधिकारियों से बातचीत के बाद में शांति पूर्वक धरना समाप्त किया गया इस बात पर सहमति बनी कि कांग्रेस का प्रतिनिधि मंडल व्यापारियों के साथ जाकर नगर निगम आयुक्त से मिलकर समस्या का समाधान निकालेंगे। पटवारी ने कहा की मण्डी हम यहां लगा कर रहेंगे आज नहीं तो 15 दिन बाद फिर आएंगे 1 महीने बाद आएंगे जब हमारी सरकार होगी तब लगाएंगे मंडी लगवा कर रहेंगे।

अधिकारियों से संवाद के बाद निकला रास्ता

सुबह से ही फूटी कोठी सब्जी मंडी परिसर में

प्रशासन पुलिस अधिकारी और निगम की सख्त पहरेदारी थी बैरिकेट्स से पूरी तरह से बंद कर रखा था और बड़ी संख्या में पुलिस बल फायर ब्रिगेड और सभी संसाधन मौजूद थे यहां पर आने वाले लोगों को भी पुलिस द्वारा हटाया जा रहा था और अनाउंसमेंट किया जा रहा था कि यहां पर कोई भी नहीं रुके इतनी शक्ति के बीच रथ पर सवार होकर जीतू पटवारी पैदल मार्च के साथ रथ पर फूटी कोटी सब्जी मंडी पहुंचे प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी मौके पर पहुंचे, समर्थकों का उत्साह चरम पर पहुंच गया। गगनभेदी नारों महाराैर के इस्तीफा की मांग करते हुए पैदल मार्च चल रहा था युवाओं, महिलाओं, व्यापारियों और बुजुर्गों की भारी भागीदारी देखने को मिली, जिससे सड़कों पर पैर रखने तक की जगह नहीं बची।

जनता के बीच पहुंचे पटवारी, बढ़ाया हौसला

पैदल मार्च के दौरान जीतू पटवारी ने आम जनता, सब्जी विक्रेताओं और राहगीरों से सीधा संवाद किया। उन्होंने लोगों की समस्याएं सुनीं और हर कदम पर उनके साथ खड़े रहने का भरोसा दिलाया। जीतू पटवारी ने सब्जी विक्रेताओं को रथ पर बुलाया और उनसे संवाद किया उनका भरोसा दिलाया और कहा कि जब यहां पर पुलिया बन रही थी तो उसे समय में विधायक था और मैं ही इन लोगों को कहां था कि आप एक तरफ अपनी दुकान लगा दो जब पुलिया बन जाएगी तो पुलिया के नीचे आपको जगह मिलेगी लेकिन आज सत्ता इनके साथ गलत कर रही है पुलिस प्रशासन के कड़े सुरक्षा इंतजाम और बैरिकेटिंग के बीच में जीतू पटवारी जी नहीं पहुंच सके अंदर तो उन्होंने रोड पर बैठकर धरना देना शुरू कर दिया और कहा कि हम जेल जाने को तैयार है इसके बाद में नगर निगम अपर आयुक्त और डीसीपी की तरफ से कहा गया क्या आप नगर निगम जाकर मामले को बातचीत से सुलझा अन्यथा हमें डिटेल करना पड़ेगा पटवारी जी ने कहा कि आप डीटेन करो हम जेल जाने को तैयार है।

इससे पहले, सब्जी विक्रेताओं के समर्थन में पैदल मार्च निकालते हुए फूटी कोठी पहुंचे जीतू पटवारी को जब पुलिस प्रशासन ने बैरिकेडिंग कर रोका, तो वे व्यापारियों के साथ सड़क पर ही धरने पर बैठ गए थे। मौके पर भारी पुलिस बल और नगर निगम के आला अधिकारी तैनात थे। तनावपूर्ण माहौल के बीच नगर निगम के अपर आयुक्त और प्रशासनिक अधिकारियों ने जीतू पटवारी व कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल से चर्चा की। धरना समाप्त होने के बाद फूटी कोठी क्षेत्र में लगा जाम खुल गया और यातायात सामान्य हो गया। सब्जी व्यापारियों ने उनकी आवाज बुलंद करने और सड़क पर उतरकर साथ देने के लिए जीतू पटवारी और शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे का आभार व्यक्त किया।

सीमांकन के लिए एसडीएम कार्यालय के बाबू ने मांगे ढाई लाख

इंदौर। सांवेर एसडीएम कार्यालय में पदस्थ बाबू मनीष के खिलाफ लोकायुक्त पुलिस ने ढाई लाख रुपए रिश्वत मांगने के आरोप में भ्रष्टाचार का केस दर्ज किया है। आरोपी पर जमीन का सीमांकन कराने और अवैध कब्जे हटवाने की कार्रवाई के बदले रिश्वत मांगने का आरोप है।



लोकायुक्त ने मोबाइल पर हुई बातचीत की ऑडियो रिकॉर्डिंग के आधार पर शिकायत का सत्यापन करने के बाद शुक्रवार को कार्रवाई की। लोकायुक्त पुलिस के अनुसार, ग्राम हरियाखेड़ी, तहसील सांवेर निवासी शिकायतकर्ता के परिवार की जमीन उसकी मां कमलाबाई कुमावत के नाम पर है। पिता की मृत्यु के बाद जमीन का नामांतरण मां के नाम हुआ था। जमीन का सीमांकन कराने और अवैध कब्जे हटवाने के लिए शिकायतकर्ता ने करीब एक साल पहले आवेदन दिया था, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद शिकायतकर्ता सांवेर एसडीएम कार्यालय पहुंचा, जहां उसकी मुलाकात बाबू मनीष से हुई। आरोप है कि मनीष ने सीमांकन की कार्रवाई कराने के बदले ढाई लाख रुपए की मांग की। शिकायत मिलने पर लोकायुक्त संभाग इंदौर के पुलिस अधीक्षक राजेश सहाय ने मामले का सत्यापन कराया। बातचीत की ऑडियो रिकॉर्डिंग सहित उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आरोप सही पाए जाने पर आरोपी मनीष के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 की संशोधित धारा 7(क) के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। लोकायुक्त पुलिस मामले की जांच कर रही है।

गैस सप्लाई पाइप लाइन में लगी आग, मची अफरातफरी, फायर ब्रिगेड ने पाया काबू, कोई जनहानि नहीं

इन्दौर। शहर के व्यस्ततम क्षेत्र जंजीरवाला चौराहे के समीप उस समय अफरातफरी मच गई जब वहां से गुजर रही गैस पाइपलाइन में आग लग गई।

घटना की सूचना पर तत्काल पहुंची फायर ब्रिगेड टीम ने गैस कंपनी से सप्लाई बंद करवाकर आग पर काबू पाया।

घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। प्राप्त जानकारी के अनुसार रिकवरी हॉस्पिटल के सामने सड़क निर्माण कार्य के दौरान खुदाई कर रही जेसीबी का पंजा अवत्तिका गैस सप्लाई की पाइप लाइन से टकराने के कारण लाइन क्षतिग्रस्त हुई और पहले चिंगारियां निकलने लगी इसके बाद आग फैल गई। फायर कर्मियों के अनुसार सुबह करीब 10.05 बजे आग लगने की सूचना मिली थी।

टीम मौके पर पहुंची तो पता चला कि सड़क निर्माण कार्य में लगे कर्मचारी जेसीबी से खुदाई कर रहे थे। इसी दौरान जेसीबी का पंजा गैस पाइप लाइन से टकरा गया। घर्षण से निकली चिंगारी से आग लग गई। सूचना मिलते ही कंपनी ने सप्लाई बंद कर दी। फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया। फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है।

दो इलेक्ट्रिकल दुकान का शटर उचकाकर घुसे चोर

इंदौर(नगर संवाददाता)। सेंट्रल कोतवाली थाना क्षेत्र में चोरों ने दो इलेक्ट्रिकल दुकान को निशाना बनाते हुए नकदी और मोबाइल फोन पर हाथ साफ कर दिया। पुलिस के अनुसार, प्रतीक बहरानी (34), निवासी त्रिवेणी कॉलोनी ने शिकायत दर्ज कराई है। उनकी महरानी रोड स्थित महालक्ष्मी कॉम्प्लेक्स में हीरामोती इलेक्ट्रिकल नाम से दुकान है। फरियादी के मुताबिक शटर ऊपर उठाया और फिर नकूचा तोड़कर दुकान में घुसे बदमाश गल्ले में रखे 1 लाख 70 हजार रुपए और मोबाइल फोन लेकर भाग निकले। सुबह चोरी की जानकारी मिलने पर दुकान संचालक ने पुलिस को सूचना दी। इसी प्रकार रोहित खत्री (40), निवासी त्रिवेणी कॉलोनी ने शिकायत दर्ज कराई है। उनकी महरानी रोड स्थित महालक्ष्मी कॉम्प्लेक्स में रोहित इलेक्ट्रिकल नाम से दुकान है। फरियादी के मुताबिक,रात में बदमाश दुकान का शटर उचकाकर अंदर घुसे। आरोपी दुकान से मोबाइल फोन के साथ गल्ले में रखे करीब 90 हजार रुपए चुराकर ले गए। पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एक ही कॉम्प्लेक्स में दो दुकानों में हुई चोरी के चलते पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

अलमारी से लाखों के जेवर गायब, नौकरानी पर संदेह

अन्नपूर्णा थाना क्षेत्र के सुदामा नगर में एक घर की अलमारी से सोने-चांदी और हीरे के आभूषण गायब होने का मामला सामने आया है। फरियादी ने घर में काम करने वाली नौकरानी पर जेवर चोरी करने का संदेह जताया है। पुलिस के अनुसार, सुनील सोनी (51), निवासी सुदामा नगर ने शिकायत दर्ज कराई है। फरियादी के मुताबिक, घर की अलमारी में रखे सोने के आभूषण अचानक गायब मिले। इनमें एक सोने का हार, चार अंगूठियां, तीन जोड़ी टॉप्स, चार सोने की चूड़ियां, एक मंगलसूत्र, सोने की चोटी अंगूठी, दो लौंग, एक नथ और एक सोने का पेंडल शामिल





हैं। इसके अलावा चांदी की पांच जोड़ी बिछिया और हीरे की दो अंगूठियां भी नहीं मिलीं। फरियादी ने बताया कि सभी आभूषण पुराने और इस्तेमाल किए हुए थे। उन्हें संदेह है कि घर में काम करने वाली पिंकी नामक नौकरानी ने ही जेवर चुराए हैं। पुलिस अब नौकरानी सहित अन्य संभावित संदिग्धों के संबंध में जानकारी जुटा रही है।

चोरी करने घुसा बदमाश, पड़ोसियों ने रंगेहाथ पकड़ा

रावजी बाजार थाना क्षेत्र में एक घर में चोरी की नीयत से घुसे बदमाश को पड़ोसियों ने रंगेहाथ पकड़ लिया। पुलिस के अनुसार, मनीष वर्मा, निवासी ओम विहार कॉलोनी, एरोड्रम क्षेत्र ने शिकायत दर्ज कराई है। फरियादी के मुताबिकगांधी नगर, गौमटगिरी निवासी अजय तायडे ठेला खड़ा करने के बाद चंद्रभागा मेन रोड स्थित उनके घर में चोरी करने की नीयत से घुसा था। इसी दौरान उसे घर के अंदर ही पकड़ लिया गया। घटना के बाद पड़ोस में रहने वाली पायल जोशी और उनके भाई अक्षत जोशी आरोपी को पकड़कर थाने ले गए। वहां आरोपी ने अपना नाम अजय तायडे, पिता मना तायडे, निवासी गौमटगिरी बताया। इसके बाद फरियादी ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। रावजी बाजार पुलिस ने आरोपी से कड़ी पूछताछ कर रही है।

घर की अलमारी से सोने के कड़े-मंगलसूत्र और नकदी चोरी

लसूड़िया थाना क्षेत्र की एक कॉलोनी में अज्ञात बदमाश घर की अलमारी में रखे सोने के आभूषण और नकदी चुराकर ले गए। पुलिस के अनुसार, विजेंद्र सिंह सेंगर (40), निवासी कासाग्रीन, तलावली चांदा ने शिकायत दर्ज कराई है। फरियादी के मुताबिक,अज्ञात बदमाश ने उनके घर में रखी अलमारी को निशाना बनाया। आरोपी अलमारी में रखे सोने के दो कड़े, एक मंगलसूत्र और नकदी लेकर फरार हो गया। घटना के बाद फरियादी ने अपने स्तर पर सामान की तलाश की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। इसके बाद पुलिस को शिकायत की गई।

गोडाउन से 14 बकरे-बकरियां चोरी

राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र में एक गोडाउन से 14 बकरे-बकरियां चोरी होने का मामला सामने आया है। पुलिस के अनुसार, धर्मेंद्र चौहान (25), निवासी होली चौक, निहालपुर मुंडी ने शिकायत दर्ज कराई है। फरियादी का निहालपुर मुंडी में रायलग्रीन कॉलोनी के सामने गोडाउन है। अज्ञात बदमाश गोडाउन से 14 बकरे-बकरियां चुराकर ले गए। सुबह जब फरियादी ने गोडाउन में पशुओं को देखा तो वे गायब मिले। आसपास तलाश करने के बाद भी उनका कोई पता नहीं चला। इसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचना दी।

घर से सोने की चार चूड़ियां चोरी

पलासिया थाना क्षेत्र के मनोरमागंज में एक मकान से सोने की चार चूड़ियां चोरी हो गई। पुलिस के अनुसार, चंद्रप्रकाश (62), निवासी एवेन्यू रसगुल्ला हाउस के पीछे, मनोरमागंज ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। फरियादी के मुताबिक, 25 नवंबर को अज्ञात बदमाश उनके घर से सोने की चार चूड़ियां चुराकर ले गया।